Visit www.ncerthelp.com For All NCERT Solutions,
CSBE Sample papers, Question, papers, Notes For Class 6 to 12

087/X/SA2/05/A1

# Class - X

# SOCIAL SCIENCE

Time : **3** hours
समय : **3** घण्टे

Maximum Marks : **80**
अधिकतम अंक : **80**

Total No. of Pages : **11**

**Instructions :**

1. The question paper has **36** questions in all. All questions are **compulsory**.
2. Marks are indicated against each question.
3. Questions from serial number **1 - 16** are multiple choice Questions (MCQs) of **1** mark each. Every MCQ is provided with four alternatives. Write the correct alternative in your answer book.
4. Questions from serial number **17** to **29** are **3** marks questions. Answer of these questions should not exceed **80 words** each.
5. Questions from serial number **30** to **34** are **4** marks questions. Answer of these questions should not exceed **100 words** each.
6. Question number **35** is a map question of **2** marks from History and Question number **36** is a map question of **3** marks from Geography. Attach both the maps in your answer book.

**निर्देश :**

1. प्रश्न पत्र में **36** प्रश्न हैं। सभी प्रश्न **अनिवार्य हैं**।
2. प्रत्येक प्रश्न के सामने अंक दिए गये हैं।
3. प्रश्न क्रमांक **1** से **16** तक के प्रश्न एक-एक अंक के बहु विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए चार विकल्प दिए गए हैं। अपनी उत्तर पुस्तिका में सही विकल्प चुन कर लिखिए।
4. प्रश्न क्रमांक **17** से **29** तक के प्रश्न तीन-तीन अंक के हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।
5. प्रश्न क्रमांक **30** से **34** तक के प्रश्न चार-चार अंक के हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।
6. प्रश्न संख्या **35** इतिहास से मानचित्र सम्बन्धित **2** अंक है और प्रश्न संख्या **36** भूगोल से मानचित्र सम्बन्धित **3** अंक का है। दोनों मानचित्रों को अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न कीजिए।



Please Visit www.ncerhelp.com For All Videos Lectures of all Subjects 6 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT Solutions,
CSBE Sample papers, Question, papers, Notes For Class 6 to 12

1. Which one of the following was NOT the feature of Napoleonic Code ? 1
   (a) Equality before the law (b) Universal Adult Franchise
   (c) Right to Property (d) No privileges based on birth

**OR**

Which one of the following was the reason behind the protest in the Saigon Native Girls School in 1926 in Vietnam ? 1
   (a) Expel of a Vietnamese girl from the school
   (b) Using French language as the medium of instruction in the school
   (c) Representing Vietnamese as primitive and backward in school text books
   (d) Allowing only Vietnamese elite to get admission in the school

2. Who among the following was described as 'the most dangerous enemy of social order' by Duke Metternich ? 1
   (a) Louis Philippe (b) Karol Kurpinski
   (c) Giuseppe Mazzini (d) Johan Gottfried

**OR**

Which one of the following was not the barrier to economic growth in Vietnam as suggested by Bernard ? 1
   (a) High population levels
   (b) Low agriculture productivity
   (c) Lack of natural resources
   (d) Extensive indebtedness amongst the peasants

3. Why did the rich peasant community actively participated in the Civil Disobedience movement ? Choose the most appropriate answer from the following : 1
   (a) Failure of talks in the $2^{nd}$ round table conference
   (b) The Government's refusal to reduce the revenue demand
   (c) Khadi cloth was more expensive than mill cloth
   (d) Racial discrimination

4. Which one of the following leaders has headed Abadh Kisan Sabha ? 1
   (a) Jawahar Lal Nehru
   (b) Mahatma Gandhi
   (c) Subhash Chandra Bose
   (d) Moti Lal Nehru

5. Which one of the following minerals is NOT obtained from the veins and lodes ? 1
   (a) Tin (b) Zinc (c) Lead (d) Gypsum

6. Which one of the following mines is the best producer of copper in India ? 1
   (a) Khetri (b) Balaghat (c) Singbhum (d) Panchpatmali

7. Which one of the following industries, due to its seasonal nature, is ideally suited to the cooperative sector ? 1
   (a) Sugar (b) Jute textile (c) Automobile (d) Cotton textile



Please Visit www.ncerhelp.com For All Videos Lectures of all Subjects 6 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT Solutions,
CSBE Sample papers, Question, papers, Notes For Class 6 to 12

8. Which one of the following is the premier iron ore exporting sea port of the country ? **1**
(a) New Manglore (b) Vishakhapatnam
(c) Marmagao (d) Paradip

**9.** Which one of the following is NOT the way to resolve a conflict in a democracy ? **1**
(a) Mass mobilisation (b) Using Parliament
(c) Using Judiciary (d) Armed Revolution

**10.** Which one of the following is an example of public interest groups ? **1**
(a) Trade Unions (b) Business Associations
(c) BAMCEF (d) FEDECOR

**11.** Which one of the following is NOT a component of a political party ? **1**
(a) The Leaders (b) The Followers
(c) The active members (d) The Ministers

**12.** Which one of the following is Challenge of expansion for the established democracies ? **1**
(a) Bringing down non - democratic regime
(b) Ensuring greater power to local government
(c) Strengthening of the institutions
(d) Establishing a sovereign and functional state

**13.** Which one of the following is NOT an example of informal sector loans for poor rural households in India ? **1**
(a) Commercial Banks (b) Moneylenders
(c) Traders (d) Landlords

**14.** Which one of the following is the important characteristic of modern form of currency? **1**
(a) It is made from precious metal
(b) It is made from thing of everyday use
(c) It is authorized by the commercial banks
(d) It is authorized by the Government of the country

**15.** Which one of the following is a major benefit of joint production between a local company and a Multi - National Company ? **1**
(a) MNC can bring latest technology in the production
(b) MNC can control the increase the price
(c) MNC can buy the local company
(d) MNC can sell the products under their brand name

**16.** On which of the following date does we celebrate the National Consumers' Day ? **1**
(a) 24 October (b) 14 October
(c) 24 December (d) 14 December

**17.** Explain the revolutionary principles incorporated by Napoleon in the administration of France during his reign. **3**

**OR**

Explain any *three* impact of Great Depression of 1930s on Vietnam. **3x1=3**



Please Visit www.ncerhelp.com For All Videos Lectures of all Subjects 6 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT Solutions,
CSBE Sample papers, Question, papers, Notes For Class 6 to 12

18. Why did the Non - Cooperation Movement gradually slowed down in the cities ? Give *three* reasons. **3x1=3**

19. Explain why the use of non - conventional sources of energy is becoming necessary in our country ? Give *three* reasons. **3x1=3**

20. What are software technology parks ? State any *two* points of significance of Information Technology industry in India ? **1+2=3**

21. Examine how can the industrial pollution of fresh water be reduced ? **3x1=3**

22. Justify with *three* points that Democracy evolves through popular struggles. **3x1=3**

23. Explain how do democracy produce a legitimate government. Give *three* points. **3x1=3**

24. "The fact that people are complaining is itself a testimony to the success of Democracy". Justify the statement with *three* appropriate points. **3x1=3**

25. 'The challenge of deepening of democracy is faced by every democracy in one form or another'. Support the statement with three suitable arguments. **3x1=3**

26. What is globalization ? How can government ensure fair globalization to its people ? Give *two* points. **1+2=3**

27. Should more Indian companies emerge as MNCs ? How would it benefit the people in the country ? **1+2=3**

28. Describe any *three* features of consumer forum ? **3x1=3**

29. Explain any *three* factors that led to the growth of consumer movements in India ? Give any three factors. **3x1=3**

30. How did the Greek war of Independence mobilized nationalist feeling among the educated elite across Europe ? Give four points. **4x1=4**

**OR**

Explain any four ideas of Phan Chu Trinh ? **4x1=4**

31. How did the 'Reinterpretation of history' created a feeling of nationalism in India ? Give four points. **4x1=4**

32. Explain any *four* reasons why a dense and efficient network of transport and communication is a pre - requisite for trade of today. **4x1=4**

33. Describe any *four* functions of political parties. **4x1=4**

34. 'Cheap and affordable credit is crucial for the country's development'. Explain the statement with *four* points. **4x1=4**



Please Visit www.ncerhelp.com For All Videos Lectures of all Subjects 6 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT Solutions,
CSBE Sample papers, Question, papers, Notes For Class 6 to 12

**35.** Two features A and B are marked on the given political outline map of India. Identify these features with the help of following information and write their correct names on the lines marked in the map. **1+1=2**

(A) The place from where Civil Disobedience Movement was started

(B) The place where Indian National Congress Session was held in September 1920

**OR**

Locate and label the following items with appropriate symbols on the same map. **1+1=2**

(i) Bardoli - The place of 'no tax campaign'

(ii) Champaran - The place where 'the movement of indigo planter's started'

*Note : The following questions are for the visually impaired candidates only in lieu of Q. No. 35.*

(35.1) Name the place Indian National Congress Session was held in September 1920. **1+1=2**

(35.2) Name the state where no tax campaign started.

**36.** Three features A, B and C are marked on the given political outline map of India. Identify these features with the help of following information and write their correct names on the lines marked in the map. **1+1+1=3**

(A) An important oil field

(B) An iron and steel plant

(C) Terminal station of North - South Corridor

**OR**

Locate and label the following items with appropriate symbols on the same map. **1+1+1=3**

(i) Mohali Software Technology Park

(ii) Rawat Bhata Nuclear Power Station

(iii) Nedimbacherry International Airport

*Note : The following questions are for the visually impaired candidates only in lieu of Q. No. 36*

(36.1) Name the Northern terminal station of North - South Corridor. **1+1+1=3**

(36.2) In which state is Mohali Software Technology Park located ?

(36.3) Name the city where Nedimbacherry International Airport is situated.



Please Visit www.ncerhelp.com For All Videos Lectures of all Subjects 6 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT Solutions,
CSBE Sample papers, Question, papers, Notes For Class 6 to 12

1. निम्नलिखित में से कौन सा लक्षण नेपोलियन की संहिता का लक्षण नहीं था? 1

(a) कानून के समक्ष समानता (b) सब के लिए व्यस्क मताधिकार
(c) सम्पति का अधिकार (d) जन्म पर आधारित सुविधाओं का न होना

**अथवा**

निम्नलिखित में से कौन सा कारण 1926 में वियतनाम में साइगॉन नेटिव गर्ल्स स्कूल में हुए विरोध का कारण था।

(a) स्कूल से एक वियतनामी लड़की को निकाल देना
(b) स्कूल से फ्रेंच भाषा को शिक्षण के माध्यम के रूप में प्रयोग करना
(c) स्कूल की पाठ्यपुस्तकों में वियतनामियों को आदिवासी और पिछड़ा हुआ दर्शाना
(d) केवल वियतनामी अभिजात्य वर्ग को स्कूलों में प्रवेश देना

2. निम्नलिखित में से किस को ड्यूक मैटर निख ने 'सामाजिक व्यवस्था का सबसे खतरनाक दुश्मन' बताया था? 1

(a) लुई फ़िलिप (b) कैरोल कुर्पिंस्की
(c) ज्युसेपे मेत्सिनी (d) योहान गाटफ्रीड

**अथवा**

वियतनाम की आर्थिक प्रगति में बर्नार्ड द्वारा बताई गई बाधाओं में से निम्नलिखित में से कौन नहीं है।

(a) अधिक आबादी (b) कृषि उत्पादन का कम होना
(c) प्राकृतिक संसाधनों की कमी (d) किसानो का भारी कर्ज़ में डूबा होना

3. सम्पन्न किसान समुदाय ने सविनय अवज्ञा आन्दोलन में सक्रिय भागीदारी क्यों की? 1

निम्नलिखित में सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनिये।

(a) दूसरी गोलमेज कॉफ्रेंस की असफलता
(b) सरकारी लगान कम करने की माँग को सरकार द्वारा न मानना
(c) खादी का कपड़ा मिल में बने कपड़े से महंगा होना
(d) जातीय भेद भाव

4. निम्नलिखित नेताओं में से किसने अवध किसान सभा का नेतृत्व किया था? 1

(a) जवाहर लाल नेहरु (b) महात्मा गांधी
(c) सुभास चन्द्र बोस (d) मोती लाल नेहरु

5. निम्नलिखित खनिजों में से कौन सा शिराओं अथवा परतों से प्राप्त नहीं होता? 1

(a) टिन (b) ज़िंक (c) लेड (d) जिप्सम

6. निम्नलिखित खदानों में से कौन सी खदान भारत में सर्वाधिक तांबा उत्पन्न करती है। 1

(a) रोतड़ी (b) बालाघाट (c) सिंहभूम (d) पंचपत्माली

7. निम्नलिखित उद्योगों में से कौन सा उद्योग इसके ऋत्विक प्रकृति के कारण सहकारी क्षेत्र के लिए उपयुक्त है? 1

(a) चीनी (b) पटसन उद्योग
(c) मोटरगाड़ी उद्योग (d) सूती कपड़ा उद्योग



Please Visit www.ncerhelp.com For All Videos Lectures of all Subjects 6 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT Solutions,
CSBE Sample papers, Question, papers, Notes For Class 6 to 12

8. निम्नलिखित में देश का कौन सा समुद्री पत्तन लौह अयस्क के निर्यात के सन्दर्भ में प्रमुख पतन है। 1

(a) न्यू मैंगलोर (b) विशाखापट्नम
(c) मारमागाओ (d) पारादीप

9. निम्नलिखित में से कौन सा तरीका लोकतंत्र में विवाद निपटाने का तरीका नहीं है? 1

(a) जन आन्दोलन करना (b) संसद का प्रयोग करना
(c) न्यायालयों का प्रयोग (d) सशस्त्र क्रांन्ति

10. निम्नलिखित में से कौन जन सामान्य समूह का उदाहरण है? 1

(a) मज़दूर संघ (b) व्यापारिक संस्थाएं
(c) बामसेफ (d) फेडेकोर

11. निम्नलिखित में से कौन किसी राजनीतिक दल का घटक नहीं होता है। 1

(a) नेतागण (b) अनुयायी (c) सक्रिय सदस्य (d) मन्त्रीगण

12. निम्नलिखित में से कौन सा कथन स्थापित लोकतंत्रों के विस्तार के लिए चुनौती होता है। 1

(a) अलोकतांत्रिक शासनों को गिराना
(b) स्थानीय सरकारों को अधिक शक्ति प्रदान करना
(c) संस्थानों को मजबूत बनाना
(d) एक संप्रभू और कार्यशील राज्य को स्थापित करना

13. निम्नलिखित में से कौन भारत में गरीब ग्रामीण परिवारों के लिए अनौपचारिक क्षेत्र के ऋण का उदाहरण नहीं है। 1

(a) व्यावसायिक बैंक (b) साहूकार (c) व्यापारी (d) भू - स्वामी (मालिक)

14. निम्नलिखित में से मुद्रा के आधुनिक रुप की महत्वपूर्ण विशेषता कौन सी है? 1

(a) यह बहुमूल्य धातु से बनायी जाती है।
(b) इसको दैनिक उपयोग की चीज से बनाया जाता है।
(c) इसको व्यावसायिक बैंकों द्वारा अधिकृत किया जाता है।
(d) इसको देश की सरकार द्वारा अधिकृत किया जाता है।

15. निम्नलिखित में से एक स्थानीय कम्पनी और एक बहु राष्ट्रीय कम्पनी के संयुक्त उत्पादन का मुख्य लाभ कौन सा है? 1

(a) बहुराष्ट्रीय कम्पनी उत्पादन में नवीनतम प्रौद्योगिकी का प्रेयोग कर सकती है।
(b) बहुराष्ट्रीय कम्पनी कीमतों में बढ़ोतरी को नियन्त्रित कर सकती है।
(c) बहुराष्ट्रीय कम्पनी स्थानीय कम्पनी को खरीद सकती है।
(d) बहुराष्ट्रीय कम्पनी उत्पादन को अपने ब्रान्ड नाम से बेच सकती है।

16. निम्नलिखित में से किस तिथि को हम राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के रुप में मनाते हैं? 1

(a) 24 अक्तूबर (b) 14 अक्तूबर (c) 24 दिसम्बर (d) 14 दिसम्बर



Please Visit www.ncerhelp.com For All Videos Lectures of all Subjects 6 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT Solutions,
CSBE Sample papers, Question, papers, Notes For Class 6 to 12

17. नेपोलियन द्वारा फ्रांस के प्रशासन में अपने शासन के दौरान क्रान्तिकारी सिद्धान्तों के समावेश को स्पष्ट कीजिए। **3**

**अथवा**

1930 के दशक में आई महामन्दी के वियतनाम पर हुए किन्हीं तीन प्रभावों को स्पष्ट कीजिए। **3x1=3**

18. असहयोग आन्दोलन शहरों में क्यो धीमा पड़ गया था? कोई तीन कारण दीजिए। **3x1=3**

19. कोई तीन कारण दे कर स्पष्ट कीजिए कि हमारे देश में गैर परम्परागत स्रोतों का प्रयोग क्यों आवश्यक होता जा रहा है? **3x1=3**

20. साफ्टवेयर टेक्नोलाजी पार्क क्या है? भारत में सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग के कोई दो महत्व लिखिए। **1+2=3**

21. जल को औद्योगिक प्रदूषण से मुक्त करने के तरीकों का परीक्षण कीजिए। **3x1=3**

22. कोई तीन तर्क दे कर सिद्ध कीजिए कि लोकतन्त्र का जन संघर्ष के जरिए विकास होता है। **3x1=3**

23. कोई तीन तर्क दे कर स्पष्ट कीजिए कि लोकतन्त्र किस प्रकार एक वैध सरकार को जन्म देता है? **3x1=3**

24. 'लोगों द्वरा शिकायतें करना अपने आप लोकतन्त्र की सफलता की गवाही है' तीन तर्कों की सहायता से इस कथन की पुष्टि कीजिये। **3x1=3**

25. 'लोकतन्त्र को मजबूत करने की चुनौती का मुकाबला प्रत्येक लोकतन्त्र को किसी न किसी रुप में करना पड़ता है' इस कथन के पक्ष में कोई तीन तर्क दीजिए। **3x1=3**

26. वैश्वीकरण क्या है? सरकार द्वारा अपने लोगों के लिए न्यायसंगत वैश्वीकरण सुनिश्चित करने के कोई दो तरीके लिखिए। **1+2=3**

27. क्या और अधिक भारतीय कम्पनियों को बहु राष्ट्रीय कम्पनियों के रुप में उभरना चाहिए? यह किस प्रकार देश की जनता के लिए लाभकारी होगा? **1+2=3**

28. उपभोक्ता शिकायत केन्द्र की कोई तीन विशेषताएँ लिखिये। **3x1=3**

29. ऐसे किन्हीं तीन कारणों की व्याख्या कीजिये जिन्होंने भारत में उपभोक्ता आन्दोलन को बढ़ावा दिया। **3x1=3**

30. यूनान के स्वतंत्रता संग्राम ने किस प्रकार पूरे यूरोप के शिक्षित अभिजात वर्ग में राष्ट्रीय भावनाओं का संचार किया? कोई चार बिन्दु लिखिए। **4x1=4**

**अथवा**

फान चू त्रिन्ह के किन्हीं चार विचारों की व्याख्या कीजिये। **4x1=4**

31. इतिहास की पुनर्व्याख्या ने भारत में राष्ट्रवाद की भावना कैसे पैदा की? अपने उत्तर के पक्ष में कोई चार तर्क दीजिए। **4x1=4**



Please Visit www.ncerhelp.com For All Videos Lectures of all Subjects 6 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT Solutions,
CSBE Sample papers, Question, papers, Notes For Class 6 to 12

32. स्पष्ट कीजिए कि आजकल के व्यापार के लिए परिवहन और संचार के साधन और सक्षम साधनों का ताना बाना पहली शर्त क्यों हैं? कोई चार कारण दीजिये। **4x1=4**

33. किसी राजनीतिक पार्टी के किन्हीं चार कार्यों का वर्णन कीजिये। **4x1=4**

34. 'सस्ता और वहनीय ऋण देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण है' चार तर्क दे कर इस कथन को स्पष्ट कीजिए। **4x1=4**

35. भारत के राजनीतिक रेखा मानचित्र पर दो लक्षणों को 'A' और 'B' से चिन्हित किया गया है। निम्नलिखित सूचनाओं के आधार पर इन लक्षणों को पहचान कीजिए और मानचित्र में चिन्हित रेखा पर उनके सही नाम लिखिए। **1+1=2**

(A) वह स्थान जहां से सविनय अवज्ञा आन्दोलन प्रारम्भ हुआ था।

(B) वह स्थान जहां सितम्बर 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था।

**अथवा**

दिए गए मानचित्र पर ही निम्नलिखित को उपयुक्त संकेतों द्वारा दर्शाइये एवं नाम लिखिए। **1+1=2**

(i) बारदौली – कोई टैक्स नहीं अभियान का स्थान

(ii) चम्पारन – वह स्थान जहां से नील की खेती करने वालों का आन्दोलन शुरु हुआ था।

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टि बाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न क्रमांक 35 के स्थान पर है।**

(35.1) उस स्थान का नाम लिखिए जहां सितम्बर 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था। **1+1=2**

(35.2) उस राज्य का नाम लिखिए – जहां 'कोई टैक्स नहीं' अभियान का प्ररम्भ हुआ था।

36. भारत के रेखा मानचित्र पर तीन लक्षण A, B, C चिन्हित किए गए हैं। नीचे दी गई सूचनाओं के आधार पर इन लक्षणों की पहचान कीजिए और मानचित्र पर चिन्हित रेखा पर उनके सही नाम लिखिए। **1+1+1=3**

(A) एक महत्वपूर्ण तेल क्षेत्र

(B) लोहे और इस्पात का एक संयत्र

(C) उत्तर-दक्षिण गलियारा का अन्तिम स्टेशन

**अथवा**

उसी मानचित्र पर उपयुक्त संकेतों द्वारा निम्नलिखित को दर्शाइये और उनके नाम लिखिए। **1+1+1=3**

(i) मोहाली साफ्टवेयर पार्क

(ii) रावत भाटा नाभिकीय विद्युत संयत्र

(iii) नेदिंबाचारी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न क्रमांक 36 के स्थान पर है।**

(36.1) उत्तर – दक्षिण गलियारे के उत्तर में अन्तिम स्टेशन का नाम लिखिए। **1+1+1=3**

(36.2) उस राज्य का नाम लिखिए जहां मोहाली साफ्टवेयर टेक्नोलाजी पार्क स्थित है।


(36.3) उस नगर का नाम लिखिए जहां नेदिंबाचारी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन स्थित है।



Please Visit www.ncerhelp.com For All Videos Lectures of all Subjects 6 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT Solutions,
CSBE Sample papers, Question, papers, Notes For Class 6 to 12

Question No. 36







Please Visit www.ncerhelp.com For All Videos Lectures of all Subjects 6 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT Solutions,
CSBE Sample papers, Question, papers, Notes For Class 6 to 12

Question No. 36




- o 0 o -



Please Visit www.ncerhelp.com For All Videos Lectures of all Subjects 6 to 12